प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री सतपाल अंतिल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक 07.12.2024 को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

1-थाना कटघर पुलिस द्वारा चोरी की घटना का अनावरण कर प्रकाश में आये 02 अभियुक्त को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी का सामान बरामद किया गया।

अवगत कराना है कि दिनांक 28.11.2024 को वादी अतीक अहमद पुत्र शरीफ अहमद निवासी छोटी मन्डी गडडे कालौनी नाला पर थाना कटघर जनपद मुरादाबाद ने अज्ञात अभियुक्त द्वारा वादी की घर से चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध में थाना कटघर पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना कटघर पर मु0अ0सं0-675/2024 धारा-305(ए) बीएनएस पंजीकृत किया गया । विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 07.12.2024 को थाना कटघर पुलिस द्वारा प्रकाश में आये अभियुक्त 1-मौ0 रफी पुत्र अब्दुल रहमान निवासी चौधरी सराय थाना कोतवाली सम्भल जनपद सम्भल, 2-फैजान पुत्र मौ0 नकी निवासी मकबरा थाना कटघर मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया जिनके कब्जे से, 04 कंगन, 04 चूडी पीली व सफेद धातु, 01 नग अगूठी दो बुन्दे पीली धातु, 04 पाजेव बडी व 01 पाजेव छोटी सफेद धातु, 01 नग नाक मे पहनने वाली नथ का तार, 01 नग बच्चे के हाथ मे पहनने वाली चैन सफेद धातु, 01 नग बिछुआ सफेद धातु, 01 नग नजरिया छल्ला सफेद धातु व नगद 63694/-

रुपये बरामद किये गये। बरामदगी के आधार पर उपरोक्त अभियोग में धारा 317(2)/331(4) बीएनएस की बढोत्तरी की गई है, अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है ।

गिरफ्तार अभियुक्त-

1-मौ0 रफी पुत्र अब्दुल रहमान निवासी चौधरी सराय थाना कोतवाली सम्भल जनपद सम्भल,

2-फैजान पुत्र मौ0 नकी निवासी मकबरा थाना कटघर मुरादाबाद

बरामदगीः-

04 कंगन, 04 चूडी पीली सफेद धातु, 01 नग अगूठी, दो बुन्दे पीली धातु, 04 पाजेव बडी व 01 पाजेव छोटी सफेद धातु, 01 नग नाक मे पहनने वाली नथ का तार, 01 नग बच्चे के हाथ मे पहनने वाली चैन सफेद धातु, 01 नग बिछुआ सफेद धातु, 01 नग नजरिया छल्ला सफेद धातु व नगद 63,694/- रुपये

पंजीकृत अभियोगः-

मु0अ0सं0-675/2024 धारा-305(ए), 317(2)/331(4) बीएनएस

गिरफ्तार करने वाली टीम-

उ0नि0 निर्भान सिंह

हे0का0 राजीव कुमार

हे0का0 चरनपाल

का0 अरुण कुमार

हे0का0 प्रेमपाल

का0 धनपाल थाना कटघर, मुरादाबाद।

2-अवैध चाकू के साथ 01 आरोपी गिरफ्तार थाना कटघर-

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, एवं अवैध शस्त्र निर्माण/तस्करी, अवैध शस्त्र धारको व अपराधो में संलिप्त अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 07.12.2024 को उ0नि0 उस्मान अली थाना कटघर द्वारा मय हमराही पुलिस बल अभियुक्त शईम पुत्र मोबीन निवासी शक्टूनगला थाना मुडांपाडे जनपद मुरादाबाद को अवैध 01 चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया । इस संबंध में थाना कटघर पर उपरोक्त अभियुक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0-0697/2024 धारा- 4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया, अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है

गिरफ्तार अभियुक्तः-

शईम पुत्र मोबीन निवासी शक्टूनगला थाना मुडांपाडे जनपद मुरादाबाद

बरामदगीः-

अवैध 01 चाकू

गिरफ्तार करने वाली टीम-

उ0नि0 उस्मान अली

का0 अनुज कुमार

का0 रितिक कुमार

3-थाना भोजपुर पुलिस द्वारा वारंटी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध एंव अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने तथा वांछित/वारण्टी अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 07.12.2024 को थाना ठाकुरद्वारा पुलिस द्वारा वारंटी तौफीक पुत्र छोटे निवासी महुआ खेड़ा थाना काशीपुर जिला उधम सिंह नगर उत्तराखंड सम्बन्धित अ0स0 145/19 धारा 380/411 भादवि को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

गिरफ्तार वारंटीः-

तौफीक पुत्र छोटे निवासी महुआ खेड़ा थाना काशीपुर जिला उधम सिंह नगर उत्तराखंड

गिरफ्तार करने वाली टीम-

उ0नि0 मनीष कुमार

का0 राजू थाना ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद।